# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (12.02.2025)**

DAINIK JAGRAN, MZUAFFARPUR
DATE: 11.02.2025, PAGE-04

## केंद्रीय बजट से विनिर्माण क्षेत्र में आएगी तेजी



सेमिनार में विचार रखते डीएसडब्ल्यू डा . आलोक प्रताप सिंह। • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: अर्थशास्त्री सह डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में राजकोषीय घाटा को नियंत्रण में रखा गया है। विनिर्माण यानी मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में तेजी लाने के लिए सरकार के स्तर से विशेष उपाय किए गए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। पहली बार गिग वर्कर के लिए निबंधन और समाजिक सुरक्षा का प्रावधान भी बजट में किया गया है। वे मंगलवार को पीजी अर्थशास्त्र विभाग में बजट 2025 - 26 पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट में एक विजन है। वर्तमान समस्याओं से निपटने के लिए इसमें एक विकल्प दिखता है। अंतरराष्ट्रीय मंदी और संरक्षणवाद से निपटने की तैयारी दिखती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. विनिता वर्मा ने किया।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 12.02.2025, PAGE-04

# कॉलेज 14 तक दे दें बजट

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू सहित अंगीभूत कॉलेजों में वर्तमान वित्तीय वर्ष में क्या काम हुए, इसका लेखा-जोखा अभी तक तैयार नहीं हो सका है. वहीं, अगले वित्तीय वर्ष की क्या योजना है, इसको लेकर भी अधिकतर कॉलेजों में कोई सुगबुगाहट नहीं है.

आमतौर पर विवि की ओर से दिसंबर में ही सीनेट से स्वीकृत कराकर विभाग को बजट भेज दिया जाता है. व्यवस्था में बदलाव के कारण इस बार देर से प्रक्रिया शुरू हुई. विश्वविद्यालय ने सभी कॉलेजों को 14 फरवरी तक उपयोगिता व वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित बजट उपलब्ध कराने को कहा है. विवि व कॉलेजों की निगरानी के लिए शिक्षा विभाग ने वर्ष 2019 में समर्थ पोर्टल तैयार किया था. अब उसे अपडेट करके बजट के लिए मॉड्यूल भी जोड़ा गया है. विश्वविद्यालयों को पहले ऑफलाइन बजट भेजना होता था. दिसंबर तक सभी प्रक्रिया पूरी करके बजट उपलब्ध कराना था.

इस बार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट ऑनलाइन समर्थ पोर्टल पर भेजना है. इसको लेकर नवंबर में ही विभाग की ओर से निर्देश जारी किया गया. हालांकि विवि स्तर पर पहले ऑफलाइन बजट तैयार किया जायेगा, जिसे प्रशासनिक स्वीकृति के बाद पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा. विवि में अब तक न तो वर्तमान वित्तीय वर्ष में कराए गये कार्यों का रिकॉर्ड तैयार है, न ही अगले वित्तीय वर्ष के लिए योजना बन सकी है. कॉलेजों को 14 फरवरी तक पिछले वर्ष दी गयी राशि की उपयोगिता और अगले वर्ष के लिए बजट उपलब्ध कराने को कहा गया है. अधिकारियों ने बताया कि कॉलेजों से बजट मिलने के बाद विवि स्तर से अगले वित्तीय वर्ष का बजट बनाकर पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा.

# बजट से हमारे देश की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत :आलोक



विश्वविद्यालय के इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट में बजट पर अतिथियों ने दिये लेक्चर.

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के अर्थशास्त्र विभाग में बजट 2025-26 पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो विनीता वर्मा ने की. मुख्य वक्ता प्रो केएम प्रसाद व डॉ आलोक प्रताप सिंह मौजूद रहे. कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ रोजी सुलोचना व धन्यवाद ज्ञापन प्रो संजय ने किया. इस व्याख्यान में अर्थशास्त्र के विशेषज्ञों, शोधार्थियों व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की प्रमुख भागीदारी रही. डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट विनिर्माण क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान देता प्रतीत होता है, जिससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. वहीं, प्रो केएम प्रसाद ने इस बजट को मध्यम वर्ग के हित में शानदार बजट बताया और इसके विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला.कार्यक्रम में प्रो अजय, प्रो चंचल चरण, प्रो संजय, प्रो जफर अहमद सुल्तान, डॉ अनीता भास्कर सहित शोधार्थी व स्नातकोत्तर छात्र उपस्थित रहे.